Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to give the tribes status to the Durua Community of Odisha.

श्री रमेश चन्द्र माझी (नबरंगपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र नबरंगपुर के कोरापुट जिले के कुंद्रा, बोइपरिगुड़ा और कोटपाड़ इलाके में बहुत दिनों से एक दुरुआ कम्युनिटी रह रही है । उनको अदिवासी का दर्जा मिलना चाहिए । ओडिशा सरकार ने ट्राइब्स एडवाइजरी काउंसिल में अप्रूव कराकर भारत सरकार को भेज चुकी है । उनके बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं । फॉरेस्ट राइट एक्ट के तहत उन्हें फॉरेस्ट जमीन का पट्टा नहीं मिल रहा है । इसलिए, मेरा अनुरोध है कि दुरुआ कम्युनिटी को आदिवासी का दर्जा दिया जाए । धन्यवाद ।